सार-समाचार

कैरियर डे का आयोजन

हिण्डौन सिटी, (निसं)। कैरियर डे के अवसर पर पीएम श्री राजकीय विद्यालय हिण्डौन में समारोहपूर्वक कैरियर डे, केरियर मेला एवं मार्गदर्शन सत्रों का आयोजन किया गया। जिसमें प्रशासनिक सेवा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, चिकित्सा, कला, विज्ञान और वाणिज्य वर्गों में कैरियर की संभावनाओं पर विशेष विशेषज्ञों एवं विद्वानों ने व्याख्यान दिये। विद्यालय में कैरियर कोर्नर लगाए जिनमें विविध क्षेत्रों में कैरियर को लेकर मॉडल, चार्ट आदि की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप जलाकर की।स्थानीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं गई।विद्यालय की प्राचार्य अंजू जैन ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कैरियर डे प्रभारी व्याख्याता पुष्पेंद्र सिंह कसाना ने बताया कि इस अवसर पर आमंत्रित अतिथि विद्वानों में हिन्डौन राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर पप्पूराम कोली, सहायक आचार्य डॉ श्री निवास गुर्जर, डॉ आशीष शर्मा, डॉ ईश्वरी प्रसाद वर्मा, उप प्रधानाचार्य राघवेन्द्र भारद्वाज, कृषि महाविद्यालय लालसोट के सहायक आचार्य हनुमान सहाय चौधरी, स्काउट प्रधान ओ पी मंगल, व्यवसायी अनिल गोयल, प्रधानाचार्य सतीश शर्मा, नेकराम जाटव आदि ने विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन किया। मंच संचालन उप प्रधानाचार्य मनीष कुमार भारद्वाज ने किया। विद्यालय स्टाफ के सुनील कुमार गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ सहित सैकड़ों विद्यार्थी, अभिभावक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म को ज्ञापन दिया

हिण्डौन सिटी, (निसं)।रीठौली गांव राज्य सरकार द्रारा नवसृजित ठाम पंचायतें जिला परिषद व पंचायत समिति बनाने की घोषणा के बाद ,पुनः रीठौली को ठाम पंचायत बनाने की मांग जोर पकडने लगी, ठामीणों की पंचायत में हुयी, ग्रामीणो ने रविवार को गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म को ठामीणों ने रीठौली बस स्टैंड पर ज्ञापन देकर स्वागत किया।ज्ञापन ग्रामीणों के साथ भाजपा मडंल अध्यक्ष गीता चौधरी के नेतृत्व मे ठामीण पूर्व सरपंच पप्पूराम, दिनेश ठेकेदार ने बताया कि 1995 से 25बर्ष लगातार ठाम पंचायत बनाने की मांग को लेकर ठाम पंचायत चुनावों का बहिष्कार कर रहे।लेकिन पूर्व में जिला प्रशासन व राज्य सरकारों ने गंभीरता से नही लिया। निवर्तमान गहलोत सरकार द्रारा नवसृजित ठाम पंचायतों का गठन किया। रीठौली के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को ठाम पंचायत बनाने के लिये उपखंड स्तर पर प्रस्ताव भिजवाये।अनदेखी के चलते गांव को ठाम पंचायत बनाने की मांग की।इस मामले को लेकर रविवार को कलैक्टर निलाभ सक्सैना व एसडीएम हेमराज गुर्जर ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने वाले,पूर्व सरपंच पप्पू राम, मंडल अध्यक्ष गीता चौधरी जगदीश चौधरी पूर्व सरपंच पप्पू राम दिनेश ठेकेदार अवतार मीणा सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

नशा नहीं करने का दिलाया संकल्प

हिण्डौन सिटी, (निसं)। समीपवर्ती जगदीशपुरा गांव में गुर्जर युवाओं द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर युवाओं को नशा न करने का संकल्प दिलाया।गुर्जर शिक्षा जागृति के जिलाध्यक्ष दर्शन फागना ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है । उन्होंने युवकों से नशा मुक्त समाज के लिए चलाए जा रहे अभियान को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने नशे से होने वाले विभिन्न प्रकार के रोगों की जानकारी दी। भूपेन्द्र खटाना अधैत ने कहा कि नशा समाज को खोखला बनाता जा रहा है। खटाना ने कहा कि नशे की प्रवृत्ति काफी घातक होती है। इससे न केवल व्यक्ति को शारीरिक नुकसान झेलना पड़ता है,अपितु परिवार एवं समाज में भी उसकी प्रतिष्ठा धूमिल हो जाती है। सभी युवाओं ने लोगों को नशे की प्रवृत्ति से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। सुरेन्द्र खटाना ने कहा कि रोज नशा करने के कारण युवाओं और प्रौढ़ों की मौत हो रही है। इसका परिणाम उनके परिवार को भुगतना पड़ता है। जीतू महमदपुर ने बताया कि युवाओं के प्रयास से ही नशा मुक्त समाज की कल्पना की जा सकती है। इस मौके पर सुरेन्द्र खटाना, हेमसिंह खटाना सहित अनेक मौजूद रहे।

पौष बड़ा महोत्सव प्रसादी का आयोजन

सूरौठ, (निसं)। तहसील की लुहार गली में शनिवार की दोपहर को पौष बड़े महोत्सव प्रसादी का किया गया आयोजन जिसमें सभी भक्तजन प्रसादी तैयार कराने में जुट गए जिसमें प्रसादी तैयार हों जाने के बाद सर्वप्रथम शिव परिवार व हनुमान जी भगवान को भोग लगाने के बाद सभी भक्तजनों को पौष बड़े प्रसादी का वितरण किया गया जिसमें समस्त ठामीणों ने प्रसादी ठाहण की इस मौके पर सभी लोगों ने प्रसादी तैयार कराने में अपनी भूमिका निभाई, सभी भक्तजनों के सहयोग से सुबह 9 बजे से प्रसादी बनाना चालू कर दिया गया जो दोपहर 1 बजे तैयार हुआ जिसका वितरण भोग लगाकर जयकारों के साथ किया गया जो देर शाम 6 बजे तक चलता रहा इस दौरान मेला जैसा माहौल बन गया।

अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद

भरतपुर, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन में पुलिस थाना उधोगनगर ने अवैध मादक पदार्थों के विरूद्व प्रभावी कार्यवाही करते हुए 2 किलो 700 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं कुल एक लाख दो हजार दो सौ बीस रूपये बरामद कर आरोपी को गिरफतार किया। पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा अवैध मादक-पदार्थो की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत पंकज यादव वृताधिकारी वृत शहर एवं आकांक्षा कुमारी वृताधिकारी वृत ठामीण के सुपरवीजन में हनुमान सहाय एसएचओ उद्योगनगर भरतपुर मय पुलिस जाप्ता द्वारा मुखबिर की सूचना पर प्रभावी पुलिसिंग के तहत कार्यवाही करते हुए मानवेन्द्र सिंह कुन्तल (32) कृष्ण वाटिका कॉलौनी, टोंटपुर के सामने भरतपुर को गिरफ्तार कर अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया।

मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में 389 कर्मयोगियों को नियुक्ति पत्र सौंपे

भरतपुर, (निसं)। मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय समारोह रविवार को भरतपुर विकास प्राधिकरण के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया जिसमें 389 कर्मयोगियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गये। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्चुअली संवाद किया वहीं जिला स्तरीय समारोह के मुख्य अतिथि जल संसाधन एवं जिला प्रभारी मंत्री सुरेश सिंह रावत नियुक्ति पत्र एवं वेलकम किट प्रदान की। जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार ने युवा दिवस के अवसर पर प्रदेशभर के युवाओं को नियुक्ति देकर सपनों को साकार किया है। इससे युवाओं में उत्साह का संचार होगा वहीं परिवार,

■ **सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए कृत संकल्पित : जिला प्रभारी मंत्री**

समाज एवं प्रदेश भी उन्नित के पथ पर तेजी से आगे बढेगा।

उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं उनके उपदेशों से प्रेरणा लेकर युवा आगे बढ़ेंगे तो सांस्कृतिक मूल्यों के साथ समाज प्रगति करेगा। युवाओं को उनके विचारों से प्रेरणा लेते हुए देश को सर्वोपरि मानकर कार्य करना होगा तभी विकसित भारत का संकल्प साकार होगा। उन्होंने समारोह में उपस्थित नव कार्मिकों को नियुक्ति पत्र एवं वेलकम किट प्रदान की। वर्चुअल संवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भरतपुर के पीर नगर निवासी 27 वर्षीय शोभित शर्मा से संवाद कर बधाई व शुभकामनाएं दी साथ ही घर जाते समय परिवार के लिए मिठाई ले जाने को कहा। शोभित शर्मा का चयन राजस्थान पुलिस में कॉन्स्टेबल के पद पर हुआ है। शोभित ने बताया कि वह 6 भाई-बहनों में सबसे छोटा है व कई असफलताओं के बाद उन्हें यह मुकाम हासिल हुआ है, जिससे उनके परिवार में खुशी का माहौल है। उन्होंने अपनी और परिवार की ओर से मुख्यमंत्री का धन्यवाद व आभार प्रकट किया। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के दौरान तहसील राजस्व लेखाकार व कनिष्ठ लेखाकार भर्ती के तहत भरतपुर जिले से चयनित 116 उम्मीदवारों, राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती ते तहत जिले से चयनित 113 एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के तहत चयनित 160 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं। जिला कोषाधिकारी व कार्यक्रम की नोडल अधिकारी आशापाल मौर्या ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान नव नियुक्त कार्मिको में काफी उत्साह व खुशी का माहौल देखा गया। सभी कार्मिकों का रजिस्ट्रेशन कर उन्हें वेलकम किट भी प्रदान की गई। इस दौरान विधायक वैर बहादुर सिंह कोली, विधायक बयाना ऋतु बनावत, पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा, बीडीए सचिव ऋषभ मंडल, प्रशिक्षु आईएएस राहुल श्रीवास्तव, अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, एसडीएम भरतपुर राजीव शर्मा, सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण, मनोज भारद्वाज व अन्य जनप्रतिनिधि, नव नियुक्त कार्मिक उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में कर्मयोगियों को नियुक्ति पत्र सौंपे।

बैठक संपन्न

करौली, (निसं)। भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटैक करौली चैप्टर की वार्षिक बैठक रविवार को भंवर विलास पैलेस में चैप्टर के सह संयोजक राव शिवराज पाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

चैप्टर के विरासत शिक्षा संचार सेवा प्रभारी राजेन्द्र दीवान ने बताया कि बैठक में चैप्टर सचिव गोविन्द सिंह सैंगर ने वर्ष भर में आयोजित गतिविधियों व कार्यों की प्रगति का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। साथ ही आगामी वर्ष 2025 में चैप्टर द्वारा किए जाने वाले कार्यों के प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक में करौली के यूथ आईकॉन जितेन्द्र सिंह पिचानोत ने करौली के रियासत कालीन एतिहासिक परकोटे के जगह जगह से क्षितठास्त होने व अतिक्रमण कर इसका अस्तित्व के खतरे पर ध्यान आकर्षित करते हुए प्रशासन से इसका संरक्षण कराने के प्रयास करने की बात कही। आजीवन सदस्य पुष्पेन्द्र बंसल ने रियासत कालीन शाही कुण्ड, छहों दरवाजे बारह खिड़कियों के सौंदर्यीकरण सहित विरासत स्थलों पर नाम लिखवाने की बात कही।बैठक को वीडियो कॉलिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए चैप्टर कन्वीनर महाराज कृष्णचंद्र पाल सिंह ने सभी को नव वर्ष की शुभकामना दी तथा करौली की लुप्त होती सांस्कृतिक व एतिहासिक विरासतों को सहेज कर भावी पीढ़ी को सुरक्षित सम्भलाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि फाल्गुन मास में इंटैक द्वारा सांस्कृतिक विरासत किलकी तुर्रा खयाल व होली गायन मंडलियों की कला को लोकप्रिय बनाने के लिए बड़ा आयोजन कराया जाएगा।

'सरकार का प्रयास अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति का सर्वांगीण विकास करना'

करौली, (निसं)। गृह, गोपालन, मत्सय एवं डेयरी, पशुपालन विभाग एवं जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास ग्रामीण क्षेत्र में अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति का सर्वांगीण विकास कर मुख्य धारा से जोडना है। जिला प्रभारी मंत्री रविवार को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम में नव नियुक्त कार्मिकों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने राज्य सरकार की उपलब्धियों और युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों पर प्रकाश

■ **सरकार की नीतियों के परिणामस्वरूप रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं, जिससे युवाओं को करियर में आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है।**

डाला।

जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पेपर माफिया पर सख्त कार्रवाई करते हुए युवाओं के भविष्य को सुरक्षित किया है। उन्होंने बताया कि सरकार की नीतियों के परिणामस्वरूप प्रदेश में रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं, जिससे युवाओं को अपने करियर में आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान नव नियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए और उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी गई। जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें सशक्त बना रही है। जिला प्रभारी मंत्री के द्वारा स्वामी विवेकानंद की जंयती के अवसर पर उनके चित्रपट दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया एवं युवाओं को विवेकानंद के आदर्शो पर चलने की बात कही। इस दौरान विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा प्रदेशभर में लगभग 13 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान कर सौगात दी गई है। कार्यक्रम में कोषाधिकारी एवं कार्यक्रम प्रभारी भरतलाल मीणा ने बताया कि जिले में 329 युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र वितरित किए गये। जिनमें वित्त विभाग द्वारा 143 कनिष्ठ लेखाकार, राजस्व विभाग द्वारा 4 तहसील राजस्व लेखाकार, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 175 कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर, 1 चिकित्सा अधिकारी, 1 नर्सिंग ऑफिसर, 1 सहायक रेडियोठाफर, पुलिस विभाग द्वारा 2 घुडसवार कॉन्सटेवल, शिक्षा विभाग द्वारा 1 तृतीय श्रेणी अध्यापक, 1 शारीरिक शिक्षक को कर्मयोगी किट उपलब्ध करायी गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के द्वारा वर्चुअल माध्यम से जिले में लगभग 90.81 करोड़ रुपये की लागत से 45 से अधिक विकास कार्यों का शिलान्यास वर्चुअल रूप से किया गया। इस अवसर पर विधायक सपोटरा हंसराज मीणा, पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय, अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम, सहायक लेखाधिकारी आशुतोष अठावाल, उपखंड अधिकारी करौली कौशल गर्ग, सूचना एवं जनसंपर्क के सहायक निदेशक धर्मेंद्र कुमार मीणा,इंदुदेवी जाटव सहित आदि मौजूद रहे।

जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बैडम ने नव चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र भेंट किए।

सार-समाचार

नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित

गंगापुर सिटी, (निसं)। लायन्स क्लब गरिमा द्वारा शनिवार को जयपुर रोड स्थित सीपी हॉस्पिटल में निशुल्क नेत्र चिकित्सा (लैंस प्रत्यारोपण) शिविर श्री श्याम पैरामेडिकल संस्थान दौसा के तकनीकी सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में मरीजों की आँखों की जाँच की जाकर मोतियाबिंद रोग से ग्रसित 77 मरीजों की आँखों का विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क ऑपरेशन किया जाकर लैंस प्रत्यारोपण किया गया। इसी प्रकार रविवार को श्री कृष्णा हॉस्पिटल, दूध की डेयरी एंकर सेवा समिति, दोसा के तकनीकी सहयोग से लायंस क्लब गरिमा द्वारा नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा 80 मरीजों की जांच कर 57 मरीजों को निशुल्क नेत्र प्रत्यारोपण के लिए चयनित किया गया जिनका निशुल्क नेत्र प्रत्यारोपण कर ऑपरेशन किया जाएगा। लायंस क्लब गरिमा के मुख्य समन्वयक लायन मुकेश राजाराम मीणा में बताया विगत शनिवार एवं रविवार में क्लब द्वारा कल 134 मरीज को निशुल्क नेत्र प्रत्यारोपण शिविर में लाभ मिला। नेत्र प्रत्यारोपण शिविर में लायन आभा मीणा ने बताया नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नीलम मीना एवं तकनीकी सहयोग में दिनेश कुमार प्रजापत, बिशन सिंह गुर्जर, बंटी शर्मा, अवधेश जैमन का सहयोग रहा। सभी मरीजों को निशुल्क चश्मा एवं दवाइयां भी वितरित की गई। शिविर में लायंस क्लब गरिमा के सदस्यों ने मरीजो को फल एवं बिस्किट बांटे एवं व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से रखने में सहयोग प्रदान किया। लायंस क्लब गरिमा के मुख्य समन्वयक लायन सौरव बरडिया ने बताया ये शिविर विगत कई वर्षो से लगता आ रहा हैं। इस वर्ष से नेत्र प्रत्यारोपण शिविर शनिवार को सी पी हॉस्पिटल एवं रविवार को श्री कृष्णा हॉस्पिटल, दूध की डेयरी पर नियमित रूप से हुआ करेंगे। क्लब द्वारा किए जा रहे शिविरों में अधिक से अधिक मरीज को लाभ मिले इसके लिए क्लब द्वारा प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। इसी प्रकार लायंस क्लब गरिमा द्वारा विगत 1 महीने से कुशलगढ के श्याम मंदिर पर हेल्प जॉन चलया रहा है जिसमें जिसके पास अधिक है वह छोड जाए और जिसको आवश्यकता है वह ले जाए की अवधारणा के साथ सैकडो लोग लाभांवित हो चुके है। हेल्प जॉन के संयोजक लायन शशिकांत शुक्ला ने बताया वहां पर जिसके पास भी कपडे, ऊनी कपडे ,कोई भी सामान आवश्यकता से अधिक है वह छोडकर जाने में खुशी महसूस करता है और गरीब जनों को वही सामान प्राप्त करते हुए चेहरे पर खुशी नजर आती है। आमजन के सहयोग से यह हेल्प जॉन चल रहा है अधिक से अधिक लोग लेने में और देने में सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

भगवती जागरण में झूमे श्रोता

गंगापुर सिटी, (निसं)। मां इंदरगढ बिजासन सेवा समिति के तत्वाधान में रविवार को इंदरगढ माता जिला बूंदी में पौष बडा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने पंगत पर प्रसादी ग्रहण की। समिति के अध्यक्ष देवी चरण गर्ग ने बताया कि शनिवार शाम 4 बजे गौरव मैरिज होम के सामने से सैकडो भक्त इंदरगढ माता जिला बूंदी के लिए बस द्वारा रवाना हुए। बिजासन पैलेस में रात्रि 9 बजे से माता रानी का दरबार सजाकर भगवती जागरण का आयोजन रखा गया। जागरण में म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार मनोज शर्मा हिमांशु निर्वाण आदी ने माता रानी की एक से एक भेंट सुना कर माता रानी को रिझाने के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। जागरण प्रातः 5 बजे तक चला। रविवार को प्रातः 7 बजे ढोल नगाडों के साथ माता रानी के जयकारे लगाते हुए भक्त हलवा, चना, बडा, पुआ, पुडी, सांग का भोग लेकर माता रानी के दरबार पहुंचे। माता रानी के दर्शन कर भोग लगाकर वन विभाग रेस्ट हाउस पर हजारों दर्शनार्थ भक्तों को पंगत पर प्रसादी वितरण की। इस मौके पर नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल पूर्व चेयरमैन सुरेश चंद सिंघल, अशोक करौली, रमेश जीवद, कैलाश चंद, राम अवतार महोली, सुनील गर्ग, सत्यनारायण पटवारी, राहुल अग्रवाल, अमित गुप्ता, हैप्पी, रॉकी, श्रीमती ऋषभ देवी, प्रेम कालरा आदि समिति के सदस्यों सहित सैकडो भक्तों ने उपस्थित थे।

स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई

करौली, (निसं)। भारत विकास परिषद की शाखा करौली द्वारा करौली जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट के सामने स्थित स्वामी विवेकानंद पार्क में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष जयंती मनाया गया। प्रांतीय आईटी सेल प्रभारी योगेंद्र सिंहल ने बताया कि शाखा अध्यक्ष तुलसीदास गोयनका द्वारा भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्रपट पर जालंकर कार्यक्रम की शुरुआत की। उल्लेखनीय है कि भारत विकास परिषद की शाखा करौली द्वारा कलेक्ट के सामने स्थित सिटी पार्क का स्वामी विवेकानंद जी के नाम पर नामकरण करवाया गया एवं यहां पर आदमखोर प्रतिमा भी स्थापित करवाई गई थी। शाखा द्वारा प्रत्येक वर्ष इस प्रतिमा के समक्ष जयंती कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम में प्रांतीय पर्यावरण प्रभारी सीताराम शर्मा एडवोकेट प्रांतीय आई टी सेल प्रभारी योगेंद्र सिंहल,शाखा सचिव कमल कांत शर्मा,कोषाध्यक्ष अरविंद अठाग्रवाल,गोविंद लोहे वाले ने अपने विचार प्रस्तुत किया।

जिला प्रभारी मंत्री रावत ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

भरतपुर (निस)। जल संसाधन मंत्री एवं जिला प्रभारी सुरेश सिंह रावत ने रविवार को शहर में चल रहे विकास कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण कर गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। जिला प्रभारी मंत्री ने भरतपुर विकास प्राधिकरण द्वारा शहर में वर्षा जल संरक्षण एवं ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने के लिए 70 लाख रुपए की लागत से किये जा रहे कार्यों में एसपी ऑफिस कुंडा गहराईकरण कार्य का निरीक्षण किया जहां कुंड की गहराई के

■ **घना में पानी की उपलब्धता के लिए प्लान बनाने के दिए निर्देश**

साथ चारों तरफ फुटपाथ एवं सौंदर्यीकरण के कार्य को गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे पानी संरक्षण के साथ आसपास जल भराव की समस्या दूर हो सकेगी। उन्होंने गिराई पुलिस लाइन के सामने सड़क विस्तारीकरण एवं सौंदर्यकरण कार्य का भी अवलोकन किया बीडीए द्वारा 20 लाख की लागत से यहां इंटरलॉकिंग सड़क एवं सौंदर्यकरण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने घना के गेट से सलूजा अस्पताल तक सड़क के चौड़ाईकरण, डिवाइड निर्माण, रोड लाइट के साथ आदर्श सड़क निर्माण के कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि इसके पूरा होने से भरतपुर के नागरिकों को आदर्श सड़क का तोहफा मिलेगा वहीं इससे घना आने वाले पर्यटकों को शहर के ऐतिहासिक पुरा महत्व के स्थलों तक आवागमन सुगम होगी।

जिला प्रभारी मंत्री ने भरतपुर विकास प्राधिकरण द्वारा केवलादेव राष्ट्रीय पक्षी अभ्यारण में 3.50 करोड़ की लागत से कराया जा रहे हैं विकास कार्यों का भी अवलोकन किया। उन्होंने घना के गेट पर पर्यटकों को भरतपुर के ऐतिहासिक धार्मिक पुरामहत्व के स्थलों की जानकारी देने के लिए लगाई गई इलेक्ट्रॉनिक वॉल का अवलोकन कर इसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे घाना आने वाले देसी-विदेशी पर्यटकों को भरतपुर के पर्यटक स्थलों की जानकारी सजीवता से मिल सकेगी। उन्होंने घना में 8 किलोमीटर सड़क डामरीकरण, चौड़ाईकरण कार्य का अवलोकन किया तथा देशी विदेशी पर्यटकों के लिए विकसित की गई सुविधाओं को देखा। उन्होंने संपूर्ण क्षेत्र का भ्रमण कर घना के विकास के लिए संकल्पित होकर कार्य करने की बात दोहराई। इस दौरान जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव भरतपुर विकास प्राधिकरण के सचिव ऋषभ मंडल, निदेशक घना मानस सिंह, अधीक्षण अभियंता जल संसाधन देवीसिंह बेनीवाल, अधिवक्ता मनोज भारद्वाज सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला प्रभारी मंत्री ने घना में देसी-विदेशी पक्षियों की अटेखेलियों को नजदीकी से देखा। झीलों में लबालब पानी एवं वनस्पति की उपलब्धता से बने टापुओं पर देसी विदेशी पक्षियों से गुंजायमान घना में हजारों पर्यटकों की उपस्थित को उन्होंने भरतपुर के लिए सुखद बताया।

जिला प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

युवा दिवस का कार्यक्रम संपन्न

करौली, (निसं)। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नेहरू युवा केंद्र करौली द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन स्वामी विवेकानंद कॉलेज आफ फार्मेसी कुडगांव में किया गया। नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी शरद त्रिपाठी ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में योगेश उपाध्याय, प्रधानाचार्य ज्ञानेश्वर मीणा वरिष्ठ पत्रकार बांके बिहारी शर्मा, एक्शनएड- यूनिसेफ एवं प्रतिनिधियों ने एवं डब्ल्यू डब्ल्यू एफ अधिकारी अनिल गौरे ने भाग लिया। अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माला व पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित किया। अतिथियों के स्वागत में पौधे भेंट किये गए इस दौरान जिले के युवाओं द्वारा सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये युवाओं की भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें पुरस्कार,उपहार और स्मृति चिन्ह देकर उत्साहवर्धन किया गया कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय युवा उत्सव का लाइव टेलीकास्ट से जुड़े और पीएम का मेरा युवा भारत,विकसित भारत पर उद्बोधन सुना और देखा। जिला युवा अधिकारी ने कार्यक्रम का परिचय दिया एवं मेरा युवा भारत,विकसित भारत पर सभी युवाओं को देश के प्रति समर्पित रहने हेतु प्रेरित किया नेहरू युवा केंद्र एवं एक्शनएड-यूनिसेफ के स्वयं सेवकों द्वारा विकसित भारत में बाल संरक्षण मुद्दों के प्रति आमजन को जागरूक रहने एवं बाल विवाह, बालश्रम कि रोकथाम हेतु विचार रखें। अतिथियों द्वारा युवाओं को देश की सेवा में समर्पित होकर कार्य करने एवं स्वामी विवेकानंद के मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित किया गया।

अग्रवाल समाज का युवक-युवती परिचय कार्यक्रम संपन्न

परिचय पुस्तिका का विमोचन करते अतिथी।

गंगापुर सिटी, (निसं)। अग्रवाल समाज सेवा समिति उदई मोड गंगापुर सिटी के तत्वावधान में अग्र संचार नेट, राजस्थान द्वारा रविवार को अग्रवाल समाज युवक युवती परिचय कार्यक्रम का आयोजन अग्रसेन सेवा सदन उदेई मोड पर किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ महाराजा अग्रसेन जी एवं लक्ष्मी जी की प्रतिमा के समक्ष सुरेश चंद गुप्ता (रामू गुप्ता), वीरेंद्र गर्ग अध्यक्ष अग्रवाल सेवा संस्थान, सोहन लाल गुप्ता (प्रांतीय अध्यक्ष), अरविंद गुप्ता महामंत्री, अशोक पंप वाले उपाध्यक्ष, ललित गुप्ता अध्यक्ष युवा संगठन, शकुंतला गुप्ता महिला मंडल अध्यक्ष एवं लक्ष्मीनारायण प्रोपर्टी ने दीप प्रजवल्लित कर किया। प्रचार-प्रसार संयोजक राजेश महोली ने बताया कि आस्था सिंघल ने गणेश वंदना से कार्यक्रम की गति दी। अतिथियों ने विवाह योग्य युवक युवती परिचय पत्रिका का वीमोचन किया। इससे पहले आयोजक मण्डल के द्वारा सभी अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष सोहनलाल गुप्ता ने युवक-युवती परिचय पत्रिका के बारे में बताते हुए कहा कि लगभग 700 युवक युवतियों के बायोडाटा इस पुस्तक में संलग्न है और सभी बायोडाटा गोत्र वाइस व्यवस्थित किए गए हैं जिसमें सरकारी और गैर सरकारी गोत्र वाइज (आई.ई.एस., आर.एफ.एस., व्याख्याता, अध्यापक, केंद्रीय कर्मचारी, पटवारी, व्यवसाय एवं कंपनी) में कार्यरत का विवरण है। अग्रवाल समाज बोली, हिंडौन से प्रतिभा गुप्ता, टोंक से युवा जिला अध्यक्ष राजेश गुप्ता एवं अन्य समितियां से आए हुए पदाधिकारी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। सुरेश गुप्ता (रामू गुट्टा) ने प्रत्याशियों का परिचय मंच पर लिया जिसमें 50 युवक और 5 व्यक्तियों में अपना परिचय दिया। तिगडडा के तीन भाई बहनों ने भी अपना परिचय दिया। महेश चंद गुप्ता कचौडी, मुकेश महोली ने बताया कि परिचय कार्यक्रम में महू हिंडौन, मलारना चौड, सरमथुरा, हिंडौन, सपोटरा, सवाई माधोपुर, बगडी लालसोट, नैनवा, बोली, बामनवास, मालपुरा, टोंक, मलारना डूंगर, खिरनी से अग्र बंधु आए।

सभी अग्र बंधुओ ने कार्यक्रम के समापन पर भोजन प्रसादी ली। परिचय सम्मेलन कार्यक्रम में श्रीमती रेखा महस्वा, सीमा गुप्ता, अरविंद गुप्ता महामंत्री, लोकेश गुप्ता कोषाध्यक्ष, लक्ष्मी नारायण गुप्ता प्रॉपर्टी, दिनेश गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता (तमोलीपुरा), सुरेश चंद गुप्ता, प्रदीप कोटे, विनय कोटे, गिर्राज हाडौती, रविन्द्र, मुकेश महोली एवं सेकडो की संख्या में अग्रबंधु उपस्थित हुए।